तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16–04–2024	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलाण्ट उपस्थित। वकील अपीलाण्ट ने प्रार्थना–पत्र आवेदन बाबत् अपील विड्रो करने में वर्णित तथ्यों को दौहराते हुये निवेदन किया कि अपीलाण्ट एवं रेस्पोडेण्ट के बीच अधीनस्थ न्यायालय में राजीनामा हो गया है, चूंकि अपीलाण्ट की उम्र भी करीब 85 वर्ष के लगभग हैं। आपस में अपीलाण्ट व रेस्पोडेण्ट रिश्तेदार है। गांव के मौतबीर लोगों ने बैठकर आपसी समझाईश कर राजीनामा करवा दिया है। ऐसी सूरत में अपीलाण्ट उक्त अपील को चलना नही चाहती है। अतः अपीलाण्ट की अपील विड्रो किये जाने का आदेश प्रदान फरमावें। अपीलाण्ट का प्रार्थना–पत्र एवं पत्रावली का बगौर अवलोकन किया गया। विड्रो का प्रार्थना–पत्र अपीलाण्ट मिनी देवी द्वारा दिनांक 19–03–2024 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मिनी देवी की पहचान उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता श्री हिम्मत सिंह राजपुरोहित द्वारा की गई। अतः ऐसी स्थिति में अपील पर गुणावगुण पर टिप्पणी किये बिना अपीलाण्ट का प्रार्थना–पत्र अपील विड्रो का स्वीकार किया जाकर अपील जरिये विड्रो खारिज की जाती हैं। पत्रावली दर्ज फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर की जावे। संभागीय आयुक्त,पाली संभागीय आयुक्त, पाली	

Signature Not Verified

Digitally signed by Dr.Pratibha Singh
Date: 2024.04.18 23:01:57 IST
Reason: SelfAttested